# हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट,भोपाल

## प्रचार एवं जनसंपर्क विभाग

दिनांक: 29/02/2024






# आज की समाचार कतरनें

| S no. | Publication | Subject | Page no. |
|---|---|---|---|
| 01 | Patrika | Union  related news | 02 |
| 02 | Sach Express | Order related news | 03 |
| 03 | Swadesh | Order related news | 04 |
| 04 | Raj Express | Corporate related news | 05 |
| 05 | Patrika | HRM related news | 06 |

| | | |
|---|---|---|
| Publication Date- | 29.02.2024 | **Patrika** |
| Page no.- | 01 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

भेल कर्मचारी यूनियन की मांग-जल्द शुरू करें स्टॉफ कैंटीन

# भेलकर्मियों के इलाज लिए डेडिकेटेड कस्तूरबा अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को करें अपग्रेड

पिपलानी @ पत्रिका. भेल कर्मचारी यूनियन ने स्टाफ कैंटीन शुरू करने और कस्तूरबा अस्पताल के स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किए जाने की मांग की है। कर्मचारी यूनियन का कहना है कि स्टाफ कैंटीन शुरू नहीं होने से कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं,दूसरी ओर भेलकर्मियों को कस्तूरबा अस्पताल में बेहतर स्वास्थ सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं मजबूरन उन्हें इलाज के निजी अस्पताल में रेफर कराना पड़ रहा है। इंटक कार्यालय में आयोजित की गई बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु पदाधिकारियों ने संकल्प लिया। कारखाने एवं कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु हेम्टू इंटक यूनियन कार्यालय पिपलानी के बुद्ध सभागार में इंटक यूनियन पदाधिकारियो विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में यूनियन के अध्यक्ष आरडी त्रिपाठी ने कहा की हेम्टू इंटक यूनियन सदैव कर्मचारियों के साथ खड़ा है और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव तत्पर है। भेल प्रबंधन कस्तूरबा अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, टाउनशिप का विस्तार, स्टाफ कैंटीन अभी तक चालू नहीं हो पाई है इसे अतिशीघ्र चालू करे आदि तमाम मांगों को लेकर पदाधिकारियों चर्चा की।

| Publication Date- | 27.02.2024 | Sach Express |
|---|---|---|
| Page no.- | 03 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

# भेल करेगा 800 मेगावाट की क्षमता वाले दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट का काम

भोपाल। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ;बीएचईएल के लिये यह खुशी की खबर है कि उसकी ऑर्डर बुक पोजिशन में लगातार इजाफा हो रहा है। उसे 6900 करोड़ के टेंडर दिये गये हैं। बीएचईएल यमुनानगर में 800 मेगावाट की क्षमता वाले दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट का काम शुरू होगा। यह परियोजना हरियाणा के लोगों के लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद करेगी। यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता के नए दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट के निर्माण के लिए टेंडर बीएचईएल को मंजूरी दे दी। 6ए900 करोड़ रुपये की लागत से बीएचईएल इस परियोजना को 57 महीने की अवधि में पूरा करेगा। जानकारी के मुताबिक हरियाणा पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड ;एचपीजीसीएल के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस प्लांट में अल्ट्रा.सुपरक्रिटिकल यूनिट लगाई जाएगी, जबकि अभी तक सब-क्रिटिकल यूनिट ही लगाई गई हैं। पहले से स्थापित इकाइयों की तुलना में इसकी क्षमता 8 प्रतिशत अधिक है। इससे कोयले की खपत कम होगी और बिजली सस्ती होगी।

| Publication Date- | 29.02.2024 | Swadesh |
|---|---|---|
| Page no.- | 04 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

# भेल करेगा 800 मेगावाट की क्षमता वाले दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट का काम

भोपाल। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, बीएचईएल के लिये यह खुशी की खबर है कि उसकी ऑर्डर बुक पोजिशन में लगातार इजाफा हो रहा है। उसे 6900 करोड़ के टेंडर दिये गये हैं। बीएचईएल यमुनानगर में 800 मेगावाट की क्षमता वाले दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट का काम शुरू होगा। यह परियोजना हरियाणा के लोगों के लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद करेगी। यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता के नए दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट के निर्माण के लिए टेंडर बीएचईएल को मंजूरी दे दी। 6900 करोड़ रुपये की लागत से बीएचईएल इस परियोजना को 57 महीने की अवधि में पूरा करेगा। जानकारी के मुताबिक हरियाणा पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, एचपीजीसीएल के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस प्लांट में अल्ट्रा.सुपरक्रिटिकल यूनिट लगाई जाएगी, जबकि अभी तक सब-क्रिटिकल यूनिट ही लगाई गई हैं। पहले से स्थापित इकाइयों की तुलना में इसकी क्षमता 8 प्रतिशत अधिक है। इससे कोयले की खपत कम होगी और बिजली सस्ती होगी। प्रदूषण नियंत्रण के लिए तमाम उपकरण लगाने का भी प्रावधान किया गया है।

| Publication Date- | 29.02.2024 | **Raj Express** |
| --- | --- | --- |
| Page no.- | 06 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

# कोल इंडिया और बीएचईएल के बीच अनुबंध

भेल। कोल इंडिया और बीएचईएल के बीच प्राइवेट जॉइंट वेंचर खोलने को लेकर बड़ा अनुबंध हुआ है। इस जॉइंट वेंचर में 51 फीसदी हिस्सेदारी कोल इंडिया लिमिटेड और 49 फीसदी हिस्सेदारी भेल के पास रहेगी। भारत की दो पीएसयू सेक्टर की कंपनी- कोल इंडिया लिमिटेड और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने बुधवार को ज्वाइंट वेंचर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। इस जॉइंट वेंचर के जरिये कंपनी की योजना सतही कोयला गैसीकरण टेक्नोलॉजी रूट के माध्यम से अमोनियम नाइट्रेट प्लांट स्थापित करना है। कोल इंडिया के डायरेक्टर (बिजनेस डेवलपमेंट) देबाशीष नंदा और भेल के डायरेक्टर (इंजीनियरिंग एंड डेवलोपमेंट ) जय प्रकाश श्रीवास्तव ने संबंधित प्रमोटर कंपनियों की ओर से ज्वाइंट वेंचर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए।

| | | |
|---|---|---|
| Publication Date- | 29.02.2024 | **Patrika** |
| Page no.- | 01 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

## भेलकर्मियों को मिले पीपीओ आदेश

भोपाल. रिटायरमेंट के पूर्व 6 भेल कर्मियों को पेंशन से जुड़े पीपीओ आदेश प्रदान किये गये। मानव संसाधन विभाग के प्रबंधक निर्मल कुमार बोवाड़े ने बताया कि यह प्रि या कर्मचारियों के रिटायरमेंट के 58 साल पूरे होने पर दिये जाते हैं। इस बार भेल कर्मी चंद्रगोपाल निवारे,रामहेत जाटव,नरेन्द्रर पाल सिंह,मदनलाल आदिवाल,भरत अवस्थी और योगेश्वर को पीपीओ प्रबंधन द्वारा दिये गये।